## Headline

1. **RBI :** रोजाना जमा होने वाले 2000 के नोटों की जानकारी संभाल कर रखें बैंक, आरबीआई ने जारी किए निर्देश
2. **Delhi :** जेल में बंद आप नेता सत्येंद्र जैन की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में कराया गया भर्ती


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 312 | इंदौर, सोमवार 22 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




# बॉडी बनाने के शौक में दांव पर जान

## युवा ले रहे खतरनाक प्रोटीन पावडर और फूड सप्लीमेंट

### चल रहा ठगी का खेल

विशेषज्ञों का कहना है कि जिम व अन्य स्थानों पर युवाओं को प्रोटीन पावडर के नाम पर ठगा जा रहा है। इंजेक्शन अथवा पावडर नशे की तरह होता है। इसे नहीं लेने पर शरीर लाचार हो जाता है। किडनी, लिवर पर असर पड़ता है। डॉक्टर की सलाह के बिना इनका सेवन न करें।



DGR विशेष @ पुष्पेन्द्र पुष्प

इंदौर। फीट रहना हर किसी की चाहत रहती है, चाहे वह किसी भ्झी उम्र का क्यों न हो। वर्तमान में देखने में आ रहा है कि युवा को फिट रहने के साथ-साथ अपनी बॉडी बनाने का शौक भी रखते हैं और इसके चलते वे कई बार अपनी जान मुश्किल में डाल लेते हैं या यूं कहे कि अपनी जान दांव पर लगा देते हैं। दरअसल बॉडी बनाने के लिए वे बहकावे में आकर या बिना किसी विशेषज्ञ की सलाह लिए खतरनाक प्रोटीन पावडर और ऐसे फूड सप्लीमेंट ले लेते हैं, जो उनके शरीर घातक हो जाते हैं। इसके चलते वे किसी गंभीर बिमारी के शिकार हो जाते हैं या फिर उनकी जान पर बन आती है।

देखने में आया है कि इसका सबसे प्रमुख कारण कम समय में हष्ट-पुष्ट शरीर और बॉडी बनाने का शौक है, जो युवाओं को बीमार कर रहा है। फिल्म अभिनेताओं की तर्ज पर मसल्स बढ़ाने करने के चक्कर में प्रोटीन पावडर और फूड सप्लीमेंट खतरनाक साबित हो रहे हैं। इनसे बॉडी और मसल्स तो बढ़ जाते हैं, लेकिन कुछ ही दिनों में साइड इफेक्ट्स भी सामने आने लगते हैं। शहर में हाल ही में ऐसे कुछ मामले सामने आए हैं, जिनमें जल्दी बॉडी बनाने के चक्कर में दो लोगों की जान पर बन आई। वहीं बिना किसी सलाह के दूसरों के बहकावे में आकर खतरनाक दवाइयों का सेवन करके बॉडी तो बना ली, लेकिन यह हष्ट-पुष्ट शरीर भी ज्यादा दिनों तक नहीं रहा और इसके साइड इफेक्ट सामने आने के बाद पता चला कि वे किसी बीमारी का शिकार हो गए। जो दो मामले सामने आए हैं उनमें पता चलता है कि फूड सप्लीमेंट लेने के बाद युवाओं की जान पर बन आई है।

### घोड़े को लगाने के इंजेक्शन ले लिए

विजय नगर पुलिस ने कुछ माह पूर्व एक युवक की शिकायत पर मोहित पाहूजा निवासी छोटा बांगड़दा पर केस दर्ज किया। युवक को प्रोटीन शॉप संचालक ने झांसा दिया कि वह फिल्मी सितारों जैसी बॉडी बनवा देगा। युवक ने प्रोटीन पावडर, तीन तरह के इंजेक्शन और कुछ गोलियां 8400 रुपए में खरीदी। रात में पावडर लिया तो लूज मोशन हो गए। अगले दिन इंजेक्शन लगाने के बाद चक्कर आने लगे। जब तबियत अधिक बिगड़ी तो परिवार के लोग डॉक्टर के पास इलाज कराने के लिए ले गए, जहां जांच में पता चला कि लिवर में सूजन आ गई। डॉक्टर ने जब बीमार होने का कारण पूछा तो प्रोटीन पावडर और इंजेक्शन की बात बताई, जिससे पता चला कि ये इंजेक्शन रेस में भाग लेने वाले घोड़े और कुत्तों को दिए जाते हैं। मामले में पुलिस ने भी जांच के बाद मोहित पर केस दर्ज कर कार्रवाई की।

### अस्पताल में भर्ती होना पड़ा

इसी तरह एक और मामला जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में सामने आया। इस मामले में पुलिस ने सिंधी कॉलोनी निवासी रवींद्र गौड़ा के खिलाफ केस दर्ज किया। रवींद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने वाले युवक ने पुलिस को बताया कि ने 14 मार्च को सपना-संगीता रोड स्थित हाई बोर्न न्यूट्रीशियन नामक दुकान से दवाइयां खरीदी। रविंद्र ने इंजेक्शन के साइड इफेक्ट नहीं होने के प्रति आश्वस्त किया। युवक ने पावडर और इंजेक्शन खरीद लिए। अगले दिन पावडर के सेवन से परेशानी होने लगी। इंजेक्शन लिए तो कुछ देर बाद दिल की धड़कन तेज हो गई। अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। अस्पताल से छुट्टी मिलते ही पीडित ने केस दर्ज करवाया।

इन दोनों मामलों में एक समानता है कि दोनों ही पीडित युवक अपनी बॉडी जल्दी और सुंदर व आकर्षक बनाना चाहते थे, जिसके चलते वह बहकावे में आ गए और डॉक्टर की सलाह लिए बिना ही अपनी जान दांव पर लगाकर प्रोटीन पावडर और इंजेक्शन का उपयोग कर लिया। जिससे उनकी जान मुश्किल में आ गई। यह तो वे मामले हैं, जो सामने आए हैं, इनके अलावा शहर में कई स्थानों पर इस तरह युवकों को बॉडी बनाने का ल्झांसा देकर खतरनाक प्रोटीन पावडर, इंजेक्शन और अन्य दवाइयां बेचने का गोरखधंधा चल रहा है।

### ये होते हैं नुकसान

- इसमें हार्मोंस व अन्य रसायन होते हैं, जिन्हें लेने पर सीबम बढ़ जाता है। मुंहासे बढ़ सकते हैं।

शरीर में न्यूट्रिशन का असंतुलन हो सकता है। प्राकृतिक प्रोटीन जैसे अंडे, दूध और मीट लेने से ऐसा होने की आशंका कम होती है।

सिरदर्द, चक्कर आना, कब्ज और मांसपेशियों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

स्टेरॉयड मिला पावडर हृदय, लिवर का आकार बढ़ा सकता है। ब्लड सर्कुलेशन में दिक्कत होने लगती है, जिससे हृदय और

### एक्सपर्ट व्यू

### कम समय में बॉडी बनाना तकलीफदायक

विशेषज्ञों का कहना है कि जिस तरह से युवाओं में अपनी बॉडी बनाने और शरीर को फिट रखने का क्रेज बढ़ा है, वह बहुत अच्छी बात है। हर किसी को फिट भी रहना चाहिए, लेकिन यह हमेशा ध्यान रखा जाना चाहिए कि मेहनत (डेली वर्कआउट) न करते हुए किसी अन्य तरीके से कम समय में बॉडी बनाना हमेशा तकलीफ दायक हो सकता है। कम समय में शरीर के मसल्स फुलाने के चक्कर में युवा गंभीर बीमारी के शिकार हो जाते हैं। यदि प्रोटीन पावडर, इंजेक्शन या अन्य कोई दवाई लेने की आवश्यकता हो तो बिना किसी विशेषज्ञ या डॉक्टर की सलाह के नहीं लेना चाहिए। लोग समझदार हैं, यदि कोई किसी चीज को दिखाकर बेच रहा है तो पहले उसकी पूरी जानकारी लेना चाहिए, तभी उसका उपयोग करना चाहिए। बहकावे में आकर अपना ही नुकसान नहीं करना चाहिए, क्योंकि हमें फीट होना है न कि हमें एथलीट बनकर घूमना है। देखने में जल्दी बॉडी बनाने के चक्कर में युवा गलत रास्ते पर चले जाते हैं।

मेट्रो प्रोजेक्ट में कहीं पर भी ओवरहेड वायर, खंभे नजर नहीं आएंगे

# 32 किलोमीटर के मेट्रो ट्रैक पर दौड़ेगा 568 करोड़ का करंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ट्रायल रन के लिए साढ़े 5 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर में भी पटरियों को बिछाने का श्रीगणेश हो चुका है। डिपो में पटरियां बिछाई जा चुकी है। वहीं पूरे 32 किलोमीटर के मेट्रो ट्रैक पर कहीं भी ओवरहेड वायर- खम्भे नजर नहीं आएंगे, बल्कि मेट्रो ट्रैक की पटरियों के साथ बिछाई जाने वाली तीसरी पटरी के समानांतर इलेक्ट्रिफिकेशन की केवलिंग का कार्य किया जाएगा।**

पूरे गांव का 568 करोड़ का इलेक्ट्रिफिकेशन का ठेका कल्पतरु पॉवर ट्रांसमिशन लिमिटेड को दिया गया है। इसमें एलिवेटेड और अंडरग्राउंड स्टेशनों के साथ-साथ 75 एकड़ के विशाल डिपो के इलेक्ट्रिफिकेशन का भी काम शामिल रहेगा। एक अनुमान है कि मेट्रो ट्रेन को दौड़ाने के लिए रोजाना 10 से 12 लाख रुपए की बिजली खपेगी, जिसके लिए कम्पनी ने 132 केवी की लाइन से मेट्रो को बिजली आपूर्ति के लिए व्यवस्था की है और अभी कुछ चल रहे निर्माण कार्यों के मद्देनजर दिए भी है। इंदौर-भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट का काम तेज गति से चल रहा है और सितम्बर के अंतिम हफ्ते में ट्रायल रन करवाने का निर्णय भी लिया गया है। ट्रायल रन के लिए वडोदरा से रेलवे कोच भी सितम्बर में मिल जाएंगे। वहीं पटरियों को बिछाने का काम भी शुरू हो गया है। इस पूरे प्रोजेक्ट जो इलेक्ट्रिफिकेशन का काम होगा, यह भी अत्याधुनिक और उप गुणवत्ता वाला रहेगा, जिसमें कहीं पर भी एक वायर खुला नजर नहीं आएगा और पटरियों के साथ एक तीसरी पटरी भी डाली जाएंगी। उसी के साथ समानांतर इलेक्ट्रिक केबले बिछेगी। वहीं इस पूरे प्रोजेक्ट में भी बिजली की व्यवस्था के लिए इंदौर की कम्पनी ने विशेष तैयारी की है।

## धर्म परिवर्तन के लिए धमकाने वाला पकड़ाया

### दोस्ती कर रेप किया, फिर मारपीट कर बनाया दबाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खजराना पुलिस ने एक युवती को शादी का झांसा देकर रेप करने ओर उसे धमकाने के मामले में एक आरोपी पर केस दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने युवती पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया था। खजराना पुलिस ने फैजान पुत्र फरीद खान निवासी हारून कॉलोनी खजराना को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 22 साल की एक युवती के साथ मारपीट कर उस पर धर्म परिवर्तन को लेकर दबाव बनाया था। आरोपी ने 18 मई की सुबह युवती के साथ मारपीट की थी इस दौरान उसे कहा था कि वह जल्द ही इस्लाम कबूल कर ले। नहीं तो उसे जान से खत्म कर देगा। इसके बाद आरोपी फरार हो गया था।

**चार साल पहले कोचिंग से हुई थी पहचान-** पुलिस के मुताबिक चार साल पहले पढ़ाई के दौरान फैजान से दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनो कई दिनों तक दोस्त रहे बाद में फैजान शादी का झांसा देकर युवती से रेप करने लगा। आरोपी युवती के कमरे पर भी आता जाता था। पुलिस के मुताबिक आरोपी से अभी पूछताछ की जा रही है।

## 130 करोड़ की लागत से रतलाम जिले में विद्युत अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तहत रतलाम जिले की विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने एवं विद्युत हानियों को कम करने के लिए 130 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसमें भारत सरकार द्वारा रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत और राज्य सरकार की मदद से दोनों कार्य शामिल हैं। ऊजार्मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि नए कार्यों से जिले की आगामी दस वर्षों की बिजली मांग गुणवत्ता के साथ पूरी की जा सकेगी।**

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि स्वीकृत किए गए कार्यों में 9 नवीन 33/11केवी उपकेंद्र निर्माण, वोल्टेज व्यवस्था के सुधार के लिए 28 स्थानों पर कैपेसिटर बैंक स्थापना, उपकेंद्रों में क्षमता वृद्धि , 450 वितरण ट्रांसफार्मर स्थापना, 440 किलोमीटर निम्न दाब लाइनों का केबलिंग, नई लाइन का कार्य कार्य एवं 50 किमी 33 तथा 11 केव्ही उच्च दाब फीडरों के विभक्तिकरण कार्य सम्मिलित हैं। इससे रतमाम जिले की लगभग 15 लाख की जनसंख्या लाभान्वित होगी। ये सभी कार्य 2 वर्ष में पूर्ण होंगे। रतलाम के अधीक्षण यंत्री श्री एससी वर्मा को नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया हैं।

# दिन में भीषण गर्मी के बाद शाम को तेज हवा के साथ झमाझम बारिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **रविवार को सुबह से सूरज के तीखे तेवर देखने को मिले। दिन में भीषण गर्मी ने लोगों को परेशान किया। शाम को एकाएक मौसम का मिजाज बदल गया और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। शनिवार को भी दिन में तेज धूप निकली थी और शाम को आंधी के साथ तेज बारिश हुई। इससे सड़कों पर जगह-जगह पानी भर गया था।**



इसके पहले शनिवार को दोपहर बाद बादल छाए और शाम को शहर के अधिकांश हिस्सों में अच्छी वर्षा हुई। अचानक बदले मौसम और तेज हवा व बिजली गिरने के कारण कुछ पेड़ धराशाई हो गए। सुदामा नगर में एक खजूर के पेड़ में आग लगने की सूचना है। इसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। शनिवार शाम को शहर में हुई बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया। शहर में रात 8.30 बजे तक 28.6 मिलीमीटर बारिश हुई। इस बारिश ने इंदौर में मई माह में विगत 10 साल में हुई बारिश का नया कीर्तिमान बनाया। शनिवार को इंदौर में मई माह में एक दिन में सबसे ज्यादा वर्षा दर्ज की गई है। इसके पूर्व 23 मई 2031 को 23.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई थी ।इसके अलावा दस साल में मासिक वर्षा भी इस वर्ष मई माह में सर्वाधिक हुई ।2021 में ही सर्वाधिक मासिक वर्षा 29 मिलीमीटर दर्ज की गई थी जबकि इस वर्ष अब तक 47.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

एयरपोर्ट स्थित वेदर स्टेशन पर जहां 28.6 मिमी वर्षा हुई वही रीगल स्थित वेदर स्टेशन पर 21.7 मिमी वर्षा दर्ज हुई। शाम को शहर में हवाएं 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की तेज गति से चली। भोपाल स्थित मौसम केंद्र के मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इंदौर वर्तमान में पूर्वी उत्तर प्रदेश में चक्रवाती हवाओं का घेरा बना हुआ है, वही तेलंगाना तक एक द्रोणिका बनी हुई हैं। इसके कारण इंदौर में बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण वर्षा की गतिविधि दिखाई दे रही है।

# दो बार हुई बैठक के बाद रद्द हुआ आमरण अनशन

● संघ और वरिष्ठजनों ने समझाया, अब बनेगी नई समिति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **अस्थायी मंदिर में मूर्तियां स्थापित करने को लेकर होने वाला आमरण अनशन रद्द कर दिया। इसे लेकर दो बार बैठक हुई। एक बार संघ के पदाधिकारियों ने तो दूसरी बार वरिष्ठजनों ने समिति के लोगों को समझाया। उनकी समझाइश के बाद ये निर्णय हुआ कि आमरण अनशन नहीं करेंगे और नई समिति का गठन होगा। जो मंदिर बनाने और मूर्तियां स्थापित करने को लेकर निर्णय करेगी।**

दरअसल, पिछले दिनों श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर परिसर पर बने अस्थायी मंदिर में मूर्तियां स्थापित करने को लेकर बैठक हुई। प्राचीन बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर को तोड़ने के बाद उपजे विवाद के बाद से ही हिंदू जागरण मंच द्वारा निर्मित संघर्ष समिति द्वारा पहले अस्थाई मंदिर का निर्माण प्रशासन व संघ के द्वारा मौखिक चर्चा के बाद किया था।

बाद में लगातार बातचीत के माध्यम से मंदिर बनाने को लेकर चर्चा चलती रही जिसमें कई प्रकार के राजनीतिक और सामाजिक मतभेद के कारण बात नहीं बन पाई। 21 मई यानी रविवार को हिंदु जागरण मंच द्वारा निर्मित समिति के लोग सिंधी कॉलोनी चौराहे से जुलूस निकालकर मूर्तियां लाने और स्थापित करने पर की बात हुई।

प्रशासन के मूर्तियों को नहीं देने पर 15 लोगों के सिंधी कॉलोनी चौराहे पर आमरण अनशन करने का भी ऐलान हुआ। मगर इसके एक दिन पहले यानी शनिवार को अचानक से ये सब बदल गया।

### ● इसलिए बदली रणनीति

इधर, जो समिति आमरण अनशन करने वाली थी वे सदस्य संघ के वरिष्ठजनों के पास पहुंचे। वरिष्ठजनों की समझाईश के बाद पूरी रणनीति बदल गई। बताया जा रहा है कि समाज के वरिष्ठजनों व संघ की समझाइश के बाद आमरण अनशन को रद्द कर आपसी तालमेल बनाकर समिति निर्माण कर अस्थायी और स्थायी मंदिर के निर्माण के लिए सबको साथ लेकर काम करें ये बात कहीं गई। साथ ही यह भी कहा गया की किसी पक्ष के साथ भेदभाव नहीं होगा सबके तालमेल से भव्य मंदिर का निर्माण होगा और पूर्व की तरह सभी आयोजन मंदिर में होंगे।

### ● रात को हुई दूसरी बैठक में लिया फैसला

इधर, समिति के लोगों की एक ओर बैठक रात को हुई। जो रात करीब साढ़े 11 बजे तक चली। जिसमें हिंदु जागरण मंच के पदाधिकारी सहित मंदिर से जुड़े लोग और संघर्ष समिति के लोग मौजूद रहे। कई वरिष्ठजन भी इसमें शामिल थे। संघ के वरिष्ठजनों की बात को इस बैठक में भी रखा गया। वरिष्ठजनों के साथ हुई चर्चा को देखते हुए सभी ने आमरण अनशन करना रद्द कर दिया। अब नई समिति तैयार होगी, जो आगे निर्णय लेगी। बैठक में संजय भाटिया,ललित पाराणी,पार्षद कमलेश कालरा,उत्तम तोलानी मनीष रिझवानी,राम छुगानी,नरेश ज्ञानवाणी संगीता वयानीं व अन्य सदस्य मौजूद थे।

## एमपीपीएससी बच्चों के साथ पेरेंट्स की भी एग्जाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2022 रविवार को आयोजित हुई। अभ्यर्थियों के साथ माता-पिता भी एग्जाम सेंटर पहुंचे। बच्चों को एग्जाम के लिए भेज कई माता-पिता सेंटर के बाहर उनके बाहर आने इंतजार में बैठ रहे।**

बच्चे जहां एग्जाम हॉल में एग्जाम दे रहे थे, वहीं माता-पिता एग्जाम सेंटर के बाहर। कई सेंटरों पर बैठक व्यवस्था नहीं होने से माता-पिता दुकानों-घरों के बाहर बैठे नजर आए। गर्मी बढ़ने के साथ ही वे कहां बैठेंगे और दिन में खाने की क्या कुछ व्यवस्था हो सकेगी इसकी चिंता भी उनके चेहरों पर नजर आने लगी।

दरअसल, राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2022 के लिए इंदौर में 103 एग्जाम सेंटर बनाए, इनमें करीब 40 हजार अभ्यर्थियों के एग्जाम देने की व्यवस्था की गई। एग्जाम देने के लिए इंदौर के साथ ही दूसरे शहरों से भी अभ्यर्थी इंदौर आए। जिनका घर एग्जाम सेंटर के पास था वे तो अपने बच्चों को छोड़कर वापस घर चले गए, लेकिन जो कई किमी दूर से या दूसरे शहरों से आए, वे एग्जाम सेंटर के बाहर इंतजार में बैठे रहे।

कई पेरेंट्स ने बताया कि एग्जाम सेंटर तलाशने में उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। एग्जाम सेंटर तलाशने के लिए उन्होंने गूगल मैप का सहारा लिया। घर से, होटल से निकलने के साथ ही उन्होंने गूगल मैप पर एग्जाम सेंटर डाला और गूगल मैप के सहारे वे एग्जाम सेंटर पर समय पर पहुंच गए।




सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101

www.detectivegroup.in

# नातरा कुप्रथा से फिर गई एक किशोरी की जान

**● 20-25 लोग गांव आ धमके, कहा-बहू को भेजो नहीं तो गांव फूंक देंगे, डर में लगा ली फांसी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

राजगढ़। राजगढ़ जिले की नातरा प्रथा ने एक 14 साल की किशोरी की जान ले ली। बचपन में किया गया रिश्ता मां-बाप को जीवन भर का दर्द दे गया। पिता ने सोचा था 18 साल होने की होने के बाद बेटी की धूम धाम से विदाई करेंगे, लेकिन उससे पहले ही ससुराल वाले बहू को ले जाने का दबाव बनाने लगे। दबाव भी धमकी जैसा। दो दिन पहले फोर व्हीलर में भरकर 15 से 20 लोग आए और रकम लेकर चले गए। जाते जाते बोल गए बेटी नहीं भेजी तो जीने लायक नहीं छोड़ेंगे। धमकी से डरी किशोरी रात भर करवटें बदलती रही और सुबह होते ही फंदे से झुल गई।

बेटी को खो चुके माता-पिता अब दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की आस में थाने पहुंचे हैं। थाने के बाहर बैठे माता-पिता मोबाइल में बार-बार अपनी नाबालिग बेटी का फोटो देख फूट-फूट कर रोते नजर आएं।

14 साल की एक नाबालिग देहरी जागीर गांव से एक किलोमीटर दूर नीम के पेड़ से लटकी हुई मिली। लड़की की शादी 3 साल पहले राजस्थान के एक गांव में तय हुई थी।

## क्या है मामला

राजगढ़ जिले में दुष्टे के बनाए गए फंदे पर 14 साल की एक नाबालिग गांव से एक किलोमीटर दूर नीम के पेड़ लटकी हुई मिली। लड़की की शादी 3 साल पहले राजस्थान के एक गांव में तय हुई थी। लड़की के माता-पिता का कहना है कि बेटी के ससुराल वाले बहू को ले जाने के लिए न केवल दबाव डाल रहे थे, बल्कि धमकी भी दे रहे थे। इससे डरकर लड़की ने आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद कालीपीठ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, और शव को कब्जे लिया। पुलिस ने राजगढ़ जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# अवैध हथियार बनाने वाले 6 सिकलीगर गिरफ्तार

### 1 लाख 39 हजार कीमत की 16 नग देशी पिस्टल और बनाने की सामग्री जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन। खरगोन पुलिस अवैध हथियार बेचने और इसकी तस्करी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। जिले की बिस्टान पुलिस ने अवैध हथियार बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। 20 मई को थाना बिस्टान को मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम गारी में सिकलीगर फल्या के पीछे बैड़ी पर कुछ सिकलीगर है। पेड़ों के नीचे अलग बैठकर अवैध रुप से अवैध देशी पिस्टल बना रहे है।**

सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एसडीओपी भीकनगांव संजू चौहान और थाना प्रभारी निरीक्षक सुनीता मुजाल्दा के नेतृत्व में तीन अलग-अलग पुलिस टीम बनाकर बताए गए स्थान पर कार्रवाई के लिए भेजा गया। पुलिस टीम ने मौके पर जाकर देखा तो 6 व्यक्ति अलग जगह पर देशी पिस्टल बनाते मिले, जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। जिन्हें पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।

पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से 16 नग देशी पिस्टल (10 पिस्टल बनी हुई, 6 नग देशी पिस्टल अधबनी) और पिस्टल बनाने की सामग्री जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना बिस्टान पर अपराध धारा 25 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

# मुरैना की दो बुजुर्ग महिलाएं 5 जून को अपनाएंगी वैराग्य

### दमोह में मीना जैन व रामकली जैन का होगा दीक्षा कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

मुरैना। अंबाह घर गृहस्थी का त्याग कर जैन समाज मुरैना की दो बुजुर्ग विदुषी महिलाएं मीना जैन और रामकली जैन ने वैभव से वैराग्य, मोह से मोक्ष, संसार से मुक्ति की यात्रा की तरफ कदम बढ़ाए हैं। वे 5 जून को मध्यप्रदेश के दमोह जिले के हथिनी गांव में सांसारिक सुख और मोह माया का त्याग कर जैन धर्म की साध्वी आर्यिका श्री सौम्य नन्दिनी माता जी के सानिध्य में जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण करेंगी।

दीक्षा लेने से पूर्व दीक्षार्थियो की इच्छानुसार उन्हें उनके मनपसंद स्थान पर ले जाना सहित उन्हें हल्दी मेंहदी सहित गोद भराई जैसी अन्य रस्में निभाई जाती हैं। इसी के चलते शनिवार को इन रस्मों की शुरूआत की गई, जिसमें रामकली जैन के परिजनों व्दारा गोद भराई का कार्यक्रम रखा, इसमें परिजनों और रिश्तेदारों ने भावुकता पूर्ण वातावरण में मीना जैन और रामकली जैन की सामूहिक रूप से गोद भराई की। देर शाम तक यह कार्यक्रम जारी रहा, जिसमें समाज के अनेक लोग सम्मिलित हुए। इसके बाद आज अशोक नगर में भी दुबारा उन्हीं रस्मों को निभाया गया, जिसमें दुबारा आज दोनों दीक्षार्थियों की गोद भराई की गई। इसी के साथ ही 31 मई तक कई जगहों पर इन रस्मों को निभाया जाएगा, उसके बाद 5 जून को दोनों दीक्षार्थी दमोह के हथिनी में दीक्षा गृहण कर वैराग्य जीवन में प्रवेश कर लेगी।

मीना जैन और रामकली जैन ने बताया कि मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य वैराग्य धारण करके मोक्ष मार्ग का पथिक बनना होता है। प्रत्येक मनुष्य को दुर्लभ बहुमूल्य मानव जन्म प्राप्त करके अपनी शक्ति क्षमता के अनुसार संयम धारण करने का प्रयास करना चाहिए।

# 5 वर्ष पहले गायब हुई नाबालिग गुजरात में मिली

**● बालिग हो गयी; शादी कर ली, एक महीने का बेटा भी हो गया**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। जिले के राघोगढ़ इलाके से 2018 में लापता हुई एक नाबालिग 5 वर्ष बाद मिल पाई। लड़की को गुजरात के मोरबी जिले से बरामद किया गया। हालांकि, इन पांच वर्षों में वह बालिग हो चुकी है। उसने शादी भी कर ली और एक महीने का उसका बच्चा भी है। परिवार वालों को उसके मिलने की खुशी तो हुई, लेकिन जैसे ही पता चला कि उसकी शादी हो चुकी है, उनकी खुशी फुर्र हो गयी। पुलिस ने भी लड़की के बयानों के बाद निर्णय उसके स्वविवेक पर छोड़ दिया। लड़की को खोजने वाली टीम को पुरस्कृत** किया जाएगा।

## यह था मामला

8 जनवरी 2018 को 16 वर्षीय नाबालिग के पिता द्वारा राघौगढ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि 6 जनवरी 2018 की शाम को उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री डेयरी पर दूध लेने के लिये जाने का बोलकर घर से निकली थी। लेकिन काफी देर तक वह वापस नहीं आयी। उसकी आस-पड़ोस और रिश्तेदारों में तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। नाबालिग के पिता की रिपोर्ट पर राघोगढ़ थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की गई।

## शादी हुई, एक महीने का बेटा भी

लड़की को अब 5 वर्ष बाद बरामद किया गया। जब वह लापता हुई थी, तब वह नाबालिग थी और उसकी उम्र 16 वर्ष की थी। अब पांच वर्ष बाद वह बालिग हो चुकी है और 22 वर्ष की हो गयी है। उसका बेटा एक महीने का है। अब लड़की के बालिग होने और शादी कर लेने के कारण पुलिस ने अपनी वैधानिक कार्यवाई की और लड़की को अपने स्वविवेक पर छोड़ दिया गया।

# प्रशासन ने कर्नाटक से किया 9 मजदूरों का रेस्क्यू

**वापस आने पर सुनाई प्रताड़ना की दास्तां**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल। जिले के 9 मजदूरों का रेस्क्यू कर उन्हें वापस बैतूल लाया गया है। ये मजदूर पहले महाराष्ट्र के शोलापुर में मजदूरी करने गए थे वहां से इन्हें कर्नाटक भेज दिया गया। वापस अपने जिले में लौटने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली है। बताया गया कि पिछले 7 माह से इन्हें बंधुआ मजदूर की तरह काम कराया गया। इस दौरान इन मजदूरों ने कई तरह की प्रताड़ना झेली। शोलापुर में बंधुआ बनाए गए मजदूरों ने जनसाहस से उन्हें छुड़वाने के लिए संपर्क किया था, जिसके बाद प्रशासन और पुलिस से संपर्क कर मजदूरों का कर्नाटक से रेस्क्यू करवाया।**



जनसाहस की कॉर्डिनेटर पल्लवी टाकरकर ने बताया कि जिले के मजदूरों को महाराष्ट्र के सोलापुर में बंधक बनाए जाने की सूचना पर पहुंची जिला प्रशासन की टीम को उस वक्त काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ गया, जब उन्हें शोलापुर पहुंचकर पता चला कि मजदूर तो कर्नाटक के कुलबर्गी जिले के हांचिनल गांव में है यहां ठेकेदार लक्ष्मण कोली और रघु ने उनसे बंधुआ मजदूरी करवा रहे थे। इसके बाद कर्नाटक स्थानीय प्रशासन से बैतूल प्रशासन द्वारा समन्वय बनाकर करीब 9 मजदूरों को सारी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद वापस बैतूल लाया गया।

## 7 माह से थे बंधुआ

मोहदा थाना क्षेत्र के कासमार खंडी, पडार गांव के रहने वाले 9 मजदूरों को सोलापुर में बंधक बनाए जाने की सूचना मिली थी। इनमें 5 महिलाएं और 4 पुरुष थे, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर अमनबीर सिंह और एसपी सिद्धार्थ चौधरी ने एक टीम का गठन किया, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस प्रशासन, जन साहस संस्था और अन्य की मदद से मजदूरों को छुड़ाने सोलापुर पहुंचे, यहां से सूचना मिलने के बाद कर्नाटक पहुंचकर मजदूरों को सकुशल घर लाया गया है।

## गोदाम में किया जाता था रोज बंद

बंधुआ बनाए गए मजदूरों को रोज शाम एक गोदाम में बंद कर दिया जाता था, जहां न तो शौच की कोई व्यवस्था थी और न ही लघुशंका जाने का कोई साधन था। बंद मजदूरों को इसी गोदाम के एक कोने में शौच क्रिया निपटानी पड़ती थी। खाने के नाम पर दाल और चावल दिया जाता था, जिसमें भी कीड़े पड़े रहते थे।

# पैरों पर तलवार से 25 से 30 वार, पत्थर पटका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। मैं मना करता रहा। वो लगातार मारते रहे। दोनों भाइयों ने मिलकर पैरों में तलवार के 25 से 30 वार किए। पीछे से उनका पिता भी बोल रहा था कि खत्म कर दो। जान से मार डालो उसको। दोनों पैर काटने के बाद भी जब उनका मन नहीं भरा, तो मेरे ऊपर पत्थर पटक दिया...। मैं बेहोश हो गया। फिर भी वार करते रहे। आखिरकार मुझे मरा समझ कर छोड़ गए। ईश्वर की कृपा रही मेरे ऊपर कि मैं जीवित हूं।**

यह हैं योगेश सेन। जबलपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल प्रभारी हैं। 18 मई की रात दो भाइयों ने मिलकर हमला कर दिया। योगेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसका सीसीटीवी वीडियो शनिवार को सामने आया। पुलिस ने जब वीडियो देखा और योगेश सेन की हालत देखी, तो हैरान रह गई। पुलिस को लगा कि जिस तरह वीडियो में आरोपी पीटते दिख रहे हैं, उससे जिंदा कैसे बच सकता है। अधारताल पुलिस ने मामले में आरोपी प्रतीक जायसवाल और गौरव जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है।

MORARI BAPU



**रामचरितमानस में लिखा है की धर्म की कई परिभाषा है, लेकिन सबसे कठिन धर्म रामचरितमानस ने जो स्वीकारा हो तो, वो है - सेवाधरमु कठिन जगु जाना॥**

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष

### ● गोविन्द चन्द्र पाण्डे



**(अंग्रेज़ी: Govind Chandra Pandey, जन्म- 30 जुलाई, 1923, इलाहाबाद; मृत्यु- 22 मई, 2011, दिल्ली)** 20वीं सदी के जाने माने चिंतक, इतिहासवेत्ता, संस्कृतज्ञ तथा सौंदर्यशास्त्री थे। वे संस्कृत, हिब्रू तथा लेटिन आदि अनेक भाषाओं के असाधारण विद्वान, कई पुस्तकों के प्रसिद्ध लेखक तथा हिन्दी कवि भी थे। प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति, बौद्ध दर्शन, साहित्य, इतिहास लेखन तथा दर्शन आदि में गोविन्द चन्द्र पाण्डे को विशेषज्ञता प्राप्त थी। अनेक चर्चित किताबों तथा सैंकड़ों शोध पत्रों के वे लेखक थे। वर्ष 2010 में उन्हें 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया था। अपने जीवन के अंतिम दिनों में गोविन्द चन्द्र पाण्डे अस्वस्थ हो गए थे। 88 वर्ष की परिपक्व अवस्था में दिल्ली में 21 मई, 2011 को उनका निधन हुआ।

## संपादकीय

### मध्यस्थता की जगह तलाशना आसान नहीं

रूस और यूक्रेन युद्ध अब जिस मोड़ पर पहुंच गया है, वहां जैसे किसी तरह के समझौते की गुंजाइश नजर नहीं आती। पश्चिमी देश खुल कर यूक्रेन के पक्ष में उतर आए हैं, तो चीन खुल कर रूस के साथ खड़ा है। रूस के हमले यूक्रेन पर भारी पड़ रहे हैं। परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आशंका बनी रहती है। ऐसे में भारत के लिए मध्यस्थता की कोई जगह तलाशना आसान नहीं रह गई है। युद्ध शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री की जेलेंस्की से यह पहली आमने-सामने की मुलाकात थी। इसके पहले वे दोनों इस संबंध में फोन पर कई बार बात कर चुके हैं। युद्ध शुरू होने के कुछ समय बाद ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से प्रधानमंत्री शंघाई में मिले थे, तब भी उन्होंने युद्ध समाप्त करने पर जोर दिया था। पुतिन ने उनके सुझाव पर अमल का भरोसा दिलाया था, मगर उस सम्मेलन से लौटते ही उन्होंने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए थे। अब युद्ध को सवा साल हो चुके हैं। दोनों में से कोई भी देश लचीला रुख अपनाने को तैयार नहीं दिख रहा। रूस कोई न कोई बहाना बना कर यूक्रेन पर हमले तेज कर देता है। उसने यूक्रेन के एक बड़े हिस्से पर कब्जा भी कर लिया है। इसके चलते पूरी दुनिया की आपूर्ति शृंखला प्रभावित हुई है और महंगाई जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ा तो पूरी दुनिया की नजर भारत पर टिक गई थी। माना जा रहा था कि भारत के प्रयासों से इसे रोकने में मदद मिल सकती है। इसलिए कि भारत रूस का घनिष्ट मित्र है और उसकी मध्यस्थता का उस पर असर हो सकता है। भारत ने इसके लिए पूरा प्रयास किया भी। जब भी प्रधानमंत्री ने पुतिन से बात की, उन्होंने उसे सुना तो ध्यान से मगर किया अपने मन की। यूक्रेन से भी भारत की निकटता रही है, इसलिए वह भी भारत के सुझावों को गंभीरता से लेता रहा है। ऐसे में जब प्रधानमंत्री ने हिरोशिमा में जेलेंस्की से अलग से बात की और फिर सम्मेलन के मंच से दोनों देशों के बीच चल रहे युद्ध को मानवता के लिए गंभीर संकट बताया, तो सभी सदस्य देशों ने उस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। पश्चिमी देशों ने पहले ही तय कर रखा था कि इस सम्मेलन में रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। मगर इसमें अब सबसे बड़ा दुश्मन चीन नजर आने लगा है। समूह सात के देशों ने उसका नाम लिए बिना कड़ी निंदा की और कहा कि उसे रूस पर यह युद्ध रोकने के लिए दबाव बनाना चाहिए।

### अर्ज किया है..!

*प्रश्नपत्र सी हैं जिन्दगी,*
*जस की तस स्वीकार्य*
*कुछ भी वैकल्पिक नहीं,*
*सभी प्रश्न अनिवार्य।*

## सैर सपाटा

# भारत की इन 5 जगहों को जरूर करें एक्सप्लोर, गर्मी से राहत पाने के लिए हैं बेस्ट

**भारत में घूमने फिरने की खूब सारी जगह हैं, लेकिन हर जगह का अलग-अलग मौसम होता है। इन दिनों अधिकतर जगहों पर गर्मी का मौसम है, ऐसे में ज्यादातर लोग उन जगहों को सर्च करते हैं जहां गर्मी से थोड़ी राहत मिल सके। ऐसे में हम आपके लिए लेकर आए हैं कुछ ऐसी जगहों के नाम जहां आपको घूमने के लिए जरुर जाना चाहिए।**



इन 5 जगहों को जरूर करें एक्सप्लोर

### ● मैक्लॉडगंज

धर्मशाला के पास स्थित ये हिल स्टेशन यंगस्टर्स को खूब पसंद आती है। मैक्लॉडगंज धर्मशाला से मात्र 7 किमी की दूरी पर स्थित है। शिवालिक की पहाड़ियों पर मैक्लॉडगंज स्वर्ग से कम नहीं है। बौद्ध मठों, खूबसूरत वादियों और बेहतरीन मौसम के लिए मैक्लॉडगंज खूब फेमस है। मैक्लॉडगंज के आस-पास बहुत सारे ट्रेकिंग स्पॉट्स हैं।

### ● मेघालय

इस जगहों को बादलों के घर के रूप में भी जाना जाता है। ये जगह झरनों, रहस्यवादी गुफाओं, घने जंगलों और जगमगाती झीलों और नदियों के साथ उत्तर पूर्व भारत की सबसे अच्छी जगहों में से एक है। मेघालय भारत में ट्रेकर्स लवर्स के लिए एक अच्छी जगह है।

### ● मैसूर

दक्षिण भारत में कर्नाटक की सांस्कृतिक राजधानी माने जाने वाला मैसूर एक ऐतिहासिक शहर है जो अपने खूबसूरत महलों और बगीचों के लिए जाना जाता है। मैसूर सिटी पैलेस हो या म्यूजिकल फाउंटेन से सजे वृंदावन गार्डन,यहां घूमने के लिए बहुत कुछ है। यह शहर अपनी खूबसूरत रेशमी साड़ी और टेस्टी मिठाई मैसूर पाक के लिए भी फेमस है।

### ● लांबासिंगी

लांबासिंगी भारत में घूमने की सबसे अच्छी जगहों में से एक है। लांबासिंगी के बारे में सबसे दिलचस्प बात यह है कि यह दक्षिण भारत में सर्दियों में बर्फबारी प्राप्त करने वाला एकमात्र शहर है। इसे 'आंध्र प्रदेश का कश्मीर' भी कहा जाता है। ऊंची पहाड़ियां, चारों तरफ हरियाली, घने जंगल, खूबसूरत घाटियां, हरे-भरे बागान और रोमांचकारी साहसिक गतिविधियां जैसे ट्रेकिंग, माउंटेन बाइकिंग यहां की ट्रिप को एक्साइटिंग बना देंगी।

### ● शिमला

देवदार और ओक के जंगलों, खड़ी पहाड़ियों, औपनिवेशिक इमारतों, रंगीन बाजारों और आश्चर्यजनक लैम्प पोस्टों की सुंदरता देखने के लिए आप शिमला जा सकते हैं। हनीमून पर जाने वाले कपल्स से लेकर फैमिली ट्रिप के लिए ये जगह बेस्ट है। गर्मी से राहत पाने के लिए आप इस जगह पर जा सकते हैं।

## Highlights

1. Jeffrey Epstein threatened Bill Gates over affair with Russian woman: Report
2. Gift books to me not shawls & flowers: Siddaramaiah to followers
3. K'taka CM meets family of techie who drowned in B'luru underpass
4. What security arrangements have been made for G20 meet in Srinagar?
5. SpaceX launches US businessman, 1st Saudi woman, 2 others to ISS
6. India will not have telecom monopoly or duopoly: Ashwini Vaishnaw

# Jewellers receiving more inquiries for gold, silver after ₹2,000 note withdrawal

**NEW DEIHI, (Agency).** Jewellers in India, the world's second largest gold consuming country after China, have started receiving more inquiries for purchase of gold or silver immediately after the Reserve Bank's announcement to withdraw ₹2,000 notes from circulation.

However, there is no panic buying of the precious metal unlike the situation witnessed in 2016 during demonetisation, jewellers body GJC said on Sunday.

In fact in the last two days, the actual gold purchase has been less in exchange of ₹2,000 notes due to strict Know your Customer (KYC) norms although sources said some jewellers have started charging a 5-10 per cent premium, taking the gold prices to ₹66,000 per 10 grams level.

Currently, gold prices have corrected to around ₹60,200 per 10 grams level in the country.

"There have been a lot of inquiries about purchasing gold or silver with ₹2,000 notes, hence the higher footfalls on Saturday. However, due to strict KYC norms actual purchase has been less," apex industry body All India Gem And Jewellery Domestic Council (GJC) Chairman Saiyam Mehra told PTI.



There is "no such panic" and footfalls have also settled down as the RBI has kept a larger window of four months as the deadline for withdrawing the pink notes from the market, he said.

On May 19, the Reserve Bank of India (RBI) announced withdrawal of ₹2,000 currency notes from circulation but gave public time till September 30, to either deposit such notes in accounts or exchange them at banks. It has asked banks to stop issuing ₹2,000 notes with immediate effect.

Mehra further said implementation of goods and services tax (GST) and Bureau of Indian Standard (BIS)' hallmarks has encouraged jewellery manufacturers to become organised and carry out formal business.

"Large-denomination currency notes are normally required to deal in cash, which has now become insignificant in India's jewellery industry and consumers are more inclined towards digital formats. Therefore, the withdrawal of ₹2,000 currency notes will not have a major impact on India's gold and jewellery business," he added.

However, according to sources, many jewellery retailers did sell gold on Saturday against ₹2,000 notes and that too at a premium rate.

PNG Jewellers Chairman and Managing Director Saurabh Gadgil said, "The practice of taking ₹2,000 notes in lieu of gold at a premium rate is something that may exist only in the unorganised sector. The organised jewellery players stay miles away from such things."

# SC panel puts six entities under lens for alleged trading in Adani shares

**NEW DEIHI, (Agency).** Six entities including four foreign portfolio investors (FPIs) are under lens for suspicious trading in Adani group shares prior to the release of the damning Hindenburg report, the Supreme Court-appointed expert committee has said.

There was a build up of short positions in the Adani scips prior to the January 24 release of the Hindenburg report, and substantial profits were booked thereafter as stocks crashed, the 178-page report said. A "short" position is generally the sale of a stock one




does not own. Investors who sell short believe the price of the stock will decrease in value. If the price drops, they can buy the stock at the lower price and make a profit.

Hindenburg's report claimed that the Adani empire was the "biggest con in corporate history" engaged in a "brazen stock manipulation and accounting fraud scheme". Shares of Adani Group, which denied all allegations, likening the US investment firm's report to an attack on India, fell after the Hindenburg report was published on January 24. As the report stirred a political row and petitions were filed for a probe into the empire helmed by billionaire Gautam Adani, the Supreme Court on March 2, constituted the expert committee to investigate if there was any failure to disclose transactions with related parties and if stock prices were manipulated. The expert committee headed by former SC judge AM Sapre found no regulatory failure during the sharp rise in prices of Adani group companies between March 2000 and December 2022 and their dramatic meltdown after January 24. "While there was no adverse observation with respect to Adani scips in the cash segment, suspicious trading has been observed on the part of six entities.

Punjab

# 100 फुट गहरी खाई में गिरी ट्रैक्टर-ट्राली, तीन की मौत और 34 घायल, सभी नवांशहर के रहने वाले

**गढ़शंकर (पंजाब)** पंजाब के नवांशहर के गांव परागपुर व मुबारिकपुर के श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर गांव बस्सी में 100 फुट गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में तीन महिलाओं की मौत हो गई और करीब 34 लोग घायल हैं। घायलों को हिमाचल प्रदेश के सयान अस्पताल बाथड़ी में प्राथमिक उपचार देने के बाद सिविल अस्पताल नवांशहर रेफर कर दिया है। बता दें कि अप्रैल में हुए दो हादसों में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 31 से ज्यादा घायल हुए थे। गांव परागपुर व मुबारिकपुर से 40 श्रद्धालु रविवार सुबह




ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर श्री गुरु रविदास जी के तपोस्थल खुरालगढ़ साहिब में माथा टेकने आए थे। तपोस्थल में माथा टेककर चरन छो गंगा को जाते समय गांव बस्सी की पहाड़ियों में ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पहाड़ी के नीचे करीब 100 फुट गहरी खाई में गिर गई।

सूचना मिलते ही वहां भारी संख्या में ग्रामीण और पुलिस चौकी प्रभारी लखबीर सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मचारी पहुंचे। लोगों ने घायलों को खाई से निकालकर निकटवर्ती हिमाचल के सयान अस्पताल बाथड़ी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। सिविल अस्पताल नवांशहर में डाक्टरों ने भूपिंद्र कौर पुत्री हरबंस (23) निवासी मुबारिकपुर, महिंद्र कौर (60) पत्नी प्यारे लाल व सुखप्रीत कौर (19) पुत्री दविंद्र सिंह निवासी परागपुर, थाना काठगढ़, जिला नवांशहर को मृत बता दिया। वहीं कुलविंदर, महिला भागों व गुरमीत कौर को पीजीआई रेफर कर दिया गया है। ये सभी नवांशहर के गांव मुबारिकपुर के रहने वाले हैं। वहीं नवप्रीत कौर (10), सीमा रानी (35), बबीता (10), पूनम (25), भोली (23), जसवीर कौर, शिंदो देवी, कुलविंदर कौर (35), सुनीता (32), भागो (60), शिंदो (32), हरदीप कौर (9), बलजीत कौर (60), परमवीर सिंह (10), लवप्रीत सिंह, पुनीत (15), शादी राम (46), रामपाल (25), नछत्तर सिंह (12), चमन लाल (27), हर्ष (21) समेत करीब 34 श्रद्धालु घायल हैं।

Uttarpradesh

# पत्नी ने की ऐसी शिकायत... पुलिस ने चिता से उठा लिया पति का शव, सच्चाई कर देगी हैरान



**मेरठ, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक पत्नी ने अपने पति की मौत पर जमकर हंगामा किया। पत्नी का आरोप था कि ससुराल वालों ने उसके पति को मार दिया और उसका अंतिम संस्कार कर रहे हैं।

पत्नी ने इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने महिला की शिकायत पर श्मशान घाट पहुंचकर चिता को जलने से रुकवा दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पत्नी की शिकायत पर अब पुलिस इस मौत की गुत्थी को सुलझाने में जुटी हुई है।

दरअसल ये मामला मेरठ के मेडिकल क्षेत्र का है जहां विवेक नाम का शख्स स्पोर्ट्स फैक्ट्री में काम करता था, उसकी पत्नी भावना पति से लड़ाई के बाद काफी दिनों से मायके में रह रही थी। रविवार को जब भावना को पता चला कि उसके पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है और उसके परिजन अंतिम संस्कार कर रहे हैं। इस पर महिला ससुराल पहुंच गई और जमकर हंगामा किया। महिला ने पति के परिजनों पर ही हत्या का आरोप लगाया जिसके बाद महिला की शिकायत पर पुलिस हरकत में आई और श्मशान घाट पहुंचकर विवेक के अंतिम संस्कार को रोक दिया। चिता से शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इस मामले में सीओ सिविल लाइन अरविंद चौरसिया ने बताया कि भावना नाम की महिला ने सुबह लगभग 8:00 बजे आकर सूचना दी कि उसके पति की परिजनों ने हत्या कर दी है। इस सूचना पर तत्काल मेडिकल पुलिस जांच पड़ताल में पहुंची और पता चला है कि विवेक के परिजन उसका अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान घाट सूरजकुंड गए हैं। तत्काल पुलिस सूरजकुंड पहुंची और उसके अंतिम संस्कार को रोककर शव कब्जे में ले लिया।

Bihar

# बिहार में इकलौते बेटे की खौफनाक करतूत, ईंट से कूचकर पिता को मार डाला

**बेतिया, (एजेंसी)** बेतिया के गोपालपुर थाना के मोहछी सुगर गांव में शनिवार की देर रात ईंट से कूच रामा पंडित (55) की हत्या उनके इकलौते पुत्र राजन पंडित ने कर दी। रामा पंडित अपने घर के दालान में सोए हुए थे। गोपालपुर थानाध्यक्ष राजरूप राय ने बताया कि रामा पंडित के सिर पर गहरे जख्म मिले हैं। घटनास्थल से खून लगा हुआ एक ईंट बरामद हुआ है। इस हत्या में मुख्य आरोपी रामा पंडित के पुत्र राजन की पत्नी चंदा देवी व ससुर तुलसी पंडित को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों भंगहा गांव के नक्का टोला के निवासी हैं। हत्यारोपित राजन फरार हो गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मृतक की पत्नी कलावती देवी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। कलावती देवी ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे ने अपने ससुर व पत्नी के उकसावे पर पिता की हत्या की है। बेटा पुश्तैनी जमीन बेचकर पैसा देने के लिए पिछले कई वर्षों से विवाद कर रहा था। शनिवार की रात मौका देख कर उसने नींद में सोए पिता को बेरहमी से मार डाला।

Uttarpradesh

# जीजा के लिए बागी हुई साली, सगाई से एक दिन पहले कर दिया 'खेल', पत्नी ने साथ रहने के लिए रखी अजीब शर्त

**बदायूं, (एजेंसी)** यूपी के बदायूं से प्रेम-प्रसंग के मामले ने तीन जिंदगियों को दांव पर लगा दिया है। यहां जीजा के प्यार में साली पगलाई थी। इसकी जानकारी युवती की बहन को भी नहीं थी। युवती की शादी तय हो गई थी. लेकिन वह अपने जीजा के साथ रहना चाहती थी। जीजा के साथ रहने के लिए युवती ने परिवार वालों से भी बगावत कर डाली और सगाई से एक दिन पहले जीजा के साथ फरार हो गई। युवती की शादीशुदा बहन ने अपने पति के साथ रहने के लिए अजीब शर्त रख दी। उधर बेटी को भगा ले जाने को लेकर नाराज ससुर ने अपने ही दामाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। बिसौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक युवक को साली के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। साली भी अपने जीजा के प्यार में पागल थी। दोनों एक-दूसरे के साथ रहना चाहते थे। हालांकि इसकी जानकारी किसी को भी नहीं थी। युवती के घर वालों ने उसकी शादी तय कर दी थी। सगाई से एक दिन पहले ही युवती घर वालों के खिलाफ जाकर जीजा के साथ भाग निकली।

खेल

# विराट की आरसीबी आईपीएल 2023 से बाहर, गुजरात ने छह विकेट से हराया

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** आईपीएल 2023 के पहले मुकाबले में चेन्नई को हराने वाली गुजरात टाइटंस ने आखिरी लीग मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को छह विकेट से हरा दिया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 197 रन बनाए थे। इसके जवाब में गुजरात ने चार विकेट खोकर 19.1 ओवर में 198 रन बना लिए और मैच अपने नाम कर लिया। बैंगलोर के लिए विराट कोहली ने नाबाद 101 रन बनाए। वहीं, गुजरात के लिए शुभमन गिल ने नाबाद 104 रन बनाए।

गुजरात के खिलाफ हार के साथ ही आईपीएल 2023 में आरसीबी का सफर खत्म हो गया। अब एलिमिनेटर मैच में लखनऊ का सामना मुंबई से होगा। वहीं, पहले क्वालिफायर में गुजरात का मुकाबला चेन्नई से है। प्लेऑफ में चौथे स्थान में पहुंचने के लिए आरसीबी को हर हाल में यह मैच जीतना था,




लेकिन कोहली की टीम ऐसा नहीं कर पाई और प्लेऑफ से बाहर हो गई।

बारिश के कारण टॉस 45 मिनट की देरी से हुआ। जबकि मैच अपने निर्धारित समय रात 7:30 बजे से 55 मिनट देर से शुरू हुआ, लेकिन मैच में एक भी ओवर कम नहीं किया गया। गुजरात के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बारिश के कारण तेज गेंदबाजों को पिच से मदद मिलने के कारण कोहली और डुप्लेसिस ने संभलकर खेलना शुरू किया और दोनों ने दो ओवर तक 10 रन बनाए। डू प्लेसिस ने तीसरे ओवर में शमी को निशाना बनाया और उनके ओवर में चार चौके लगाकर रन गति को तेज किया। उनके ओवर में 16 रन आए। फिर इसके अगले ओवर में कोहली ने यश की शुरुआती तीन गेंदों में लेग साइड में चौके लगाकर अपने हाथ खोले। फिर डू प्लेसिस ने इस ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगा दिया। हालांकि राशिद खान ने पांचवें ओवर में 10 और नूर अहमद ने छठे ओवर में 9 रन दिए। दोनों ने पावरप्ले के शुरुआती छह ओवर में 62 रन बनाए।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी की शुरुआत शानदार रही। शानदार फॉर्म में चल रहे विराट कोहली और फाफ डुप्लेसिस ने पहले ओवर से ही अच्छी गति से रन बनाना शुरु किया। पावरप्ले में इन दोनों ने मिलकर 62 रन बनाए। इसके बाद डुप्लेसिस 28 रन बनाकर नूर अहमद का शिकार बने, लेकिन कोहली डटे रहे। प्लेसिस के बाद मैक्सवेल भी सिर्फ पांच गेंद में 11 रन बनाकर राशिद खान की गेंद पर आउट हो गए। लोमरोर एक रन बनाकर चलते बने और आरसीबी का स्कोर 85/3 हो गया। इसके बाद माइकल ब्रेसवेल ने कोहली के साथ मिलकर 47 रन की साझेदारी की और मैच में अपनी टीम को वापस लाए। इस दौरान कोहली ने अपना अर्धशतक भी पूरा किया।

सिनेमा

# टीवी एक्ट्रेस सुचंद्रा दासगुप्ता को ट्रक ने मारी टक्कर, मौके पर ही मौत



बंगाली इंडस्ट्री से एक दुखद खबर है। टीवी एक्ट्रेस सुचंद्रा दासगुप्ता का एक सड़क हादसे में निधन हो गया है। वह शूटिंग के बाद घर लौट रही थी लेकिन रास्ते में एक भयानक हादसे ने उनकी जान ले ली। उनका एक्सीडेंट बारानगर पुलिस स्टेशन के घोष पाड़ा में हुआ। शूटिंग खत्म होने के बाद बीती रात को उन्होंने एक एप से बाइक बुक की। बाइक पर सवार होकर वह घर जा रही थीं। ट्रक से टकराने से हादसे में उनकी जान चली गई। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सुचंद्रा हर रोज की तरह शनिवार को भी शूटिंग कर रही थीं। रात में वह काम खत्म करके घर लौट रही थीं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, एक छोटे हादसे से बचने के चक्कर में उन्हें बड़े हादसे का शिकार होना पड़ा। दरअसल बाइक के सामने अचानक एक साइकिल सवार आ गया। बाइक चालक ने उस साइकिल को बचाने के लिए जोर से ब्रेक लगा दिया, जिससे एक्ट्रेस बाइक से गिर गईं। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक उन्हें कुचल दिया। उन्होंने हेलमेट लगा रखा था इसके बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। एक्सीडेंट इतना भयानक था कि उनका हेलमेट टूट गया।

जानकारी के मुताबिक बारानगर थाने की पुलिस ने सुचंद्रा को टक्कर मारने वाले ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। एक्ट्रेस की मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार में मातम छा गया।

# तीन तस्करों से डेढ़ लाख की ब्राउन शुगर बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हीरानगर पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब डेढ़ लाख रुपए की ब्राउन शुगर बरामद की है।**

आरोपियो के संबंध मे विशेष सूत्रो के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई थी, की मादक पदार्थों की गतिविधियों में आरोपी बडे ही शातिर है एवं अपनी असली पहचान को छुपाकर मादक पदार्थों की तस्करी को अंजाम देते है।। हीरानगर पुलिस के द्वारा उक्त आरोपियो की बहुत दिनो से तलाश थी, जिन्हे बहुत ही चालाकी से हीरानगर पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल हुई है।

पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक मोटर सायकल में 03 अज्ञात व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ (ब्राउन सुगर) बेचने के लिये हीरानगर क्षेत्र मे आ रहे है। मुखबिर की सूचना पर विश्वास करते हुये थाना हीरानगर के बल द्वारा तत्काल मुखबिर के बताये गये स्थान पर रवाना होकर एवं मुखबिर के बताये हुये हुलिये अनुसार मोटर सायकल को आता देख हमराही पुलिस बल के साथ घेराबंदी कर मनीष उर्फ बब्बी नि. नेहरू नगर, रितिक उर्फ हर्षल नि. परदेशीपुरा और आकाश उर्फ अप्पी नि. कारस देवनगर को पकड़ा।

उनकी गाडी की सघनता से तलाशी लेने पर मादक पदार्थ ब्राउन शुगर होना पहचाना गया एवं संदेहियों से पूछने पर उनके द्वारा भी उक्त पदार्थ मादक पदार्थ ब्राउन शुगर होना बताया । तीनो आरोपियो को विधिवत पंचानों के समक्ष गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ (ब्राउन सुगर) एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त कर थाने लाया गया एवं आरोपी के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही कर अपराध धारा 8/21 एन.डी.पी.एस. एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियो से अवैध मादक पदार्थ के स्त्रोतो के संबंध मे भी पूछताछ की जा रही है।

## महिला वकील के बेटे की बाइक उड़ाई

● सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में दिखे दो संदिग्ध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला वकील के बेटे की घर के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात बदमाश चुरा ले गए। सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध दिखाई दिए हैं। मामले में पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।**

जानकारी के अनुसार महिला अभिभाषक अनिता चौहान निवासी सेफोन लीफ कालोनी बड़ा बांगड़दा ने पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मैंने अपनी बाइक पल्सर एमपी09 वीएफ 2811 रात के समय घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब सोकर उठा तो बाइक वहां पर नही थी। आसपास भी तलाशा, लेकिन गाड़ी नहीं मिली। जब क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो उसमें दो संदिग्ध दिखाई दिए हैं। महिला वकील के घर के बाहर चोरी की वारदात के बाद हरकत में आई पुलिस फुटेज में दिखाई दे रहे संदिग्धों की तलाश कर रही है। माना जा रहा है कि इन्होंने ही बाइक चुराई है।

## शराबी ने भाई को मारा चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शराब के नशे में विवाद कर रहे नशेड़ी को जब उसके भाई ने समझाइश देते हुए रोकना चाहा तो वह भाई से ही भिड़ गया और चाकू मार दिया।**

कनाडिया पुलिस के अनुसार शंकर सांवले पिता कालू सांवले (25) अरावली परिसर भूरी टेकरी की शिकायत पर दीपक निवासी कसरावद, रूपेश निवासी छोटी खजरानी के खिलाफ केस दर्ज किया है। शंकर ने पुलिस को बताया कि मेरी बुआ का लड़का दीपक शराब के नशे में गाली गलौज कर रहा था। उसने समझाने की कोशिश की तो आरोपी ने विवाद करना शुरू कर दिया आरोपी और उसके साथी ने चाकू निकाल लिया और हमला कर दिया। शोर सुनकर मां जयमती सांवेले और बुआ सीताबाई आ गए। उन्होंने बीच बचाव किया तो आरोपी धकमाते हुए वंहा से भाग गए।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लसूडिया में रहने वाली एक महिला की फांसी के फंदे पर लटकने से मौत हो गई। वह सात दिन से वेंटिलेटर पर थी। महिला ने मंगलवार को फांसी लगाई थी। और सोमवार सुबह उसने अंतिम सांस ली। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

पुलिस के मुताबिक स्कीम नंबर 78 में रहने वाली भारती (36) पति बालकिशन माठे की एमवाय अस्पताल में उपचार के दौरान सोमवार सुबह मौत हो गई। पिछले मंगलवार की शाम भारती फांसी के फंदे पर लटक गई थी। उस वक्त महिला का छह माह का दूसरा बेटा सो रहा था। भारती को फंदे पर लटकते हुए सबसे पहले छह साल के बेटे कान्हा ने देखा। वह भागते हुए पिता बालकिशन के पास पहुंचा। पिता की घर के नजदीक ही दुकान है। बालकिशन तुरंत दुकान से घर पहुंचे। यहां बालकिशन ने पत्नी भारती को नीचे उतारा और अस्पताल ले गए। मृतक भारती और उसका परिवार। फंदे पर लटकने के बाद सात दिन तक अस्पताल में भर्ती रही। डॉक्टरों ने उसे वेंटिलेटर पर भी रखा। सोमवार सुबह भारती ने दम तोड़ दिया। मृतक भारती और उसका परिवार। फंदे पर लटकने के बाद सात दिन तक अस्पताल में भर्ती रही। डॉक्टरों ने उसे वेंटिलेटर पर भी रखा। सोमवार सुबह भारती ने दम तोड़ दिया। बालकिशन ने बताया कि उसकी शादी को एक माह पहले ही 15 साल हुए है। आठ दिन पहले ही वह झांसी में शादी से वापस इंदौर आए थे। भारती का मायका झांसी का था यहां परिवार में शादी थी। बालकिशन के मुताबिक वह टेलरिंग का काम करते हैं। घटना के दिन दोपहर में दो बजे दोनों ने साथ में खाना खाया था। कुछ समय पहले बेटा दुकान पर आया था। मैंने उसे ने चॉकलेट दिलाकर घर भेजा था। करीब आधे घंटे बाद ही पत्नी ने यह कदम उठा लिया। पुलिस के मुताबिक मामला जांच में लिया गया है।

### महिला पर हमला, सिर में गंभीर चोट

इंदौर। एरोड्रम इलाके में एक महिला पर प्राणघातक हमले का मामला सामने आया है। महिला को सोमवार सुबह 5 बजे पुलिस ने उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। महिला का नाम कमला (45) पति निवासी स्कीम नंबर 51 सामने आया है। बताया जाता है कि कमला घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थी। तभी उस पर रास्ते में कुछ लोगों हमला किया। हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस को आशंका है कि हमला लूट के इरादे से किया गया है।

## पत्नी को दहेज के लिए सताया खाते से लिया लोन, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू के कपड़ा व्यापारी पर पत्नी ने बेरहमी से मारपीट और दहेज के लिए सताने का केस दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि पति ने उसके अकाउंट से लोन ले लिया और गहने गिरवी रख दिए।**

जानकारी के अनुसार महिला पुलिस ने फरियादी पूजा पाल निवासी अनिल नगर की रिपोर्ट पर पति विपिन पाल निवासी महू के खिलाफ 22 लाख रुपए दहेज मांगने के मामले में प्रकरण दर्ज किया है। पूजा ने बताया कि मार्च 2022 में उसकी शादी गायत्री मंदिर में विपिन पाल से हुई थी । शादी के 8 दिन बाद ही विपिन ने रुपए को लेकर बात की और कहा कि उसे बिजनेस के लिए पैसों की जरूरत है । वह मायके से लेकर आए उसने इंकार किया तो विपिन ने मारपीट की इस दौरान उसका 1 माह का गर्भ गिर गया । पूजा ने पुलिस को बताया कि पिता को जब इस बात की जानकारी लगी तो उन्होंने विपिन से बात की। पति का व्यवहार पिता के प्रति ठीक नहीं था । इसके बाद भी पिता ने उसे 5 लाख रुपए नगद दिए मगर विपिन के व्यवहार में बदलाव नहीं दिखा। पूजा ने बताया कि मेरे पर्सनल अकाउंट में रखें एक लाख रुपए मांगने लगा वही मेरे गंजबासौदा के अकाउंट को महू की ब्रांच में ट्रांसफर करने को कहा। मेल ने इनकार किया तो मारपीट की तब मेरे भाई ने विपिन को एक लाख रुपए और दे दिए।

## तीसरी मंजिल से गिर आठवी का छात्र, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चदंन नगर में रहने वाला 8वीं क्लास का स्टूडेंट रविवार देर रात तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरा। इस दौरान वह शेड़ ओर तारों से भी टकराया। उसे उपचार के लिये पड़ोसी ओर परिवार के लोग एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।**

पुलिस के मुताबिक घटना रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच की है। न्यू फ्रेंडस कॉलोनी में रहने वाला आदिल(16)पुत्र अख्तर कुरैशी अपने घर की तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया था। जहां रात में ही उसकी अस्पताल में मौत हो गई। पड़ोसी रईस ने बताया कि आदिल रात में बाथरूम करने के बाहर आया था। इसी दौरान उपर से फिर फिसलने से वह बाहर की तरफ गिरा। जहां तारो में उलझकर नीचे आ गया। उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। रईस के मुताबिक रात को आवाज आने पर वह घर के बाहर आए थे। जिसके बाद वह मदद के चलते अस्पताल पहुंचे थे। आदिल के पिता अख्तर बैग बनाने का काम करते है। परिवार में बड़ा भाई भी है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को मौके पर टीम को भेजा जाएगा। मामला हादसा या कुछ ओर इसकी जांच की जाएगी।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।